नरवर ▸ करैरा ▸ बदरवास ▸ बैराड़ ▸ कोलारस

सौगात • देश की 30 नदियों को जोड़ने शुरू की गई नदी जोड़ों परियोजना में से है केन-बेतवा

केन-बेतवा लिंक परियोजना से मिलेगा जिले के 246 और दतिया के 39 गांव सहित 281 गांवों को लाभ

44 हजार 605 करोड़ की लागत से क्षेत्र की 1 लाख 10 हजार 509 हेक्टेयर भूमि को मिलेगी सिंचाई की सुविधा

भास्कर संवाददाता | खनियांधाना

आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान 48 वे सप्ताह आइकोनिक वीक के तहत राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार की केन -बेतवा लिंक परियोजना पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन खनियाधाना में किया गया। इसका शुभारंभ एसडीएम जेपी गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। अभियंता राघवेंद्र कुमार गुप्ता ने केन-बेतवा नदी जोड़ परियोजना एवं लोअर उर परियोजना से क्षेत्र में होने वाले लाभ बताए। उन्होंने कहा कि इंजीनियर तो मात्र योजना बनाकर निर्माण करा सकते है, लेकिन परियोजना का पूर्णत लाभ प्राप्त करने में प्रशासनिक अफसरों, जन प्रतिनिधियों एवं मीडिया की भूमिका अहम है। कार्यपालन यंत्री गुप्ता का कहना था कि केन बेतवा लिंक परियोजना से शिवपुरी के 246 तथा दतिया के 39 गांव सहित 281 गांव लाभान्वित होंगे। 44605 करोड की लागत से पूरी होने वाली यह परियोजना क्षेत्र के 1 लाख 10 हजार 509 हेक्टेयर भूमि को सिंचित करेगी। यह परियोजना देश की 30 नदियों को जोड़ने के लिए शुरू की गई नदी जोड़ों परियोजनाओं में से एक है जो कि 8 सालों में पूर्ण होगी।

खनियांधाना में अमृत महोत्सव के तहत राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण व जल शक्ति मंत्रालय द्वारा परियोजना पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।

पिछोर के 88, खनियांधाना के 104 व करैरा के 54 ग्राम को लाभ

बताया गया कि 8 साल में पूरी होने वाली इस परियोजना की लागत 44605 करोड़ रुपए है। इसमें से 60% राशि केंद्र सरकार व 30% राशि लोन के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं बची हुई राशि एमपी व यूपी सरकार वहन करेंगी। इस परियोजना पर प्रदेश के छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना, सागर, दमोह, शिवपुरी एवं दतिया जिले लाभान्वित होंगे। इसमें दतिया जिले के 39 गांव तथा शिवपुरी पिछोर के 88, खनियांधाना के 104 व करैरा तहसील के 54 गांवों को लाभ मिलेगा।

उर नदी पर बांध बनने से 90 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में होगी सिंचाई

लोअर उर परियोजना के तहत खनियांधाना के दिदावनी गांव में उर नदी पर 43 मीटर ऊंचा कंक्रीट का डैम बनाया जाएगा। इसका डूब क्षेत्र 2723.7 हेक्टेयर है, इससे 12 ग्राम डूब क्षेत्र में आ जाएंगे। प्रदेश सरकार जल संसाधन विभाग द्वारा दबाव पाइप प्रणाली के साथ 90000 हेक्टेयर की सिंचाई के लिए 2657.04 करोड़ रुपए की राशि का अनुमोदन किया जा चुका है। इस परियोजना से दतिया और शिवपुरी जिले के 285 गांव को लाभ होगा।

केन पर बनेगा 70 मीटर ऊंचा बांध, 103 मेगावाट बिजली का उत्पादन

केन बेतवा परियोजना के प्रथम चरण में केन नदी पर दोधन गाँव के समीप 77 मीटर ऊंचे बांध का निर्माण कर एक 221 किमी लम्बाई की नहर का निर्माण कराया जाएगा। नहर के निर्माण कार्य पूर्ण होने पर इस परियोजना से 9.08 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित हो सकेगी। एवं 194 एम सीएम पीने के पानी की सुविधा भी उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही 103 मेगा वाट बिजली तथा 27 मेगा वाट सोलर पावर का उत्पादन होगा।

महत्वपूर्ण परियोजना है

केन बेतवा लिंक परियोजना के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। यह एक महत्वपूर्ण परियोजना हैं, इसलिए लोगों को जागरूक भी किया जाएगा।

जेपी गुप्ता, एसडीएम पिछोर

खनियांधाना के दिदावनी में बनेगा 43 मीटर ऊंचा कंक्रीट डैम

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री आरपी गुप्ता ने कहा कि लोअर उर परियोजना के तहत खनियाधाना के ग्राम दिदावनी में उर नदी पर 43 मीटर ऊंचा कंक्रीट का बांध बनाया जाएगा। इससे क्षेत्र के 285 गांव लाभान्वित होंगे। इस मौके पर तहसीलदार सुधाकर तिवारी, नायाब तहसीलदार, एसके अग्रवाल, कार्यपालन यंत्री पंकज कुमार सेंगर, परियोजना प्रशासक, लोअर ओर परियोजना सहित अन्य लोग मौजूद थे। इस मौके पर बताया कि केन बेतवा लिंक परियोजना मुख्य मकसद सूखा ग्रस्त बुंदेलखंड क्षेत्र में सिंचाई सुविधा एवं पेयजल उपलब्ध करना है। इससे ना सिर्फ सिंचाई के स्थाई साधन उपलब्ध होंगे, वरन भूजल स्तर पर लोगों की निर्भरता भी खत्म होगी। परियोजना क्रियान्वयन को लेकर मध्यप्रदेश सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और संघ सरकार के मध्य सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिस पर सरकार द्वारा 8 दिसम्बर को केन बेतवा नदी को जोड़ने की मंजूरी दे दी गई है।